# RO/ARO समीक्षा अधिकारी

# 50+ वाक्य शुद्धि

## हिन्दी स्पेशल क्लास

- रावण की हत्या राम ने की।
- श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।
- उसके आँख से आँसू निकल पड़ा।
- उन्नति के राह में संकट भी आते ही हैं।
- सूखे से भूख की समस्या खड़ी हो गई।
- भगत सिह को बड़ी यातनाएँ दी गईं।
- उपरोक्त कथन सही नहीं है।
- महादेवी वर्मा जी मूर्तिमान सरस्वती थीं।
- वह प्रातः काल के समय टहलता है।
- वह मंगलवार के दिन व्रत रखता है।
- उसकी सौन्दर्यता अनुपम है।

**सभी अशुद्ध हैं**




7007734525, 9455069191
अभी ज्वाइन करें
TOP SELLING COURSE
सामान्य हिन्दी
*130+ Video Lecture
*3000+ Quiz Practice
*Offline Download
For All Competitive Exam
नया बैच प्रारम्भ

हिन्दी वाक्य शुद्धि

अशुद्ध » रावण की हत्या राम ने की।

शुद्ध » रावण का वध राम ने किया।

एक ही अर्थ

अशुद्ध » वह प्रातः काल के समय टहलता है।

शुद्ध » वह प्रातःकाल टहलता है।

सत् + जन
↳ व्यक्ति/लोग

अशुद्ध » आप जैसे सज्जन व्यक्ति से मिलकर खुशी हुई।

शुद्ध » आप जैसे सज्जन से मिलकर खुशी हुई।

हिन्दी वाक्य शुद्धि

अशुद्ध » वह रोज पानी से पौधों को सींचता है।

शुद्ध » वह रोज पौधों को सींचता है।

अशुद्ध » वह मंगलवार के दिन व्रत रखता है।

शुद्ध » वह मंगलवार को व्रत रखता है।

* प्रश्न - उत्तर
* समाधान - समस्या

अशुद्ध » आपके प्रश्न का समाधान मेरे पास है।

शुद्ध » आपके प्रश्न का उत्तर मेरे पास है। या आपके समस्या का समाधान मेरे पास है।

हिन्दी वाक्य शुद्धि

अशुद्ध » उन्नति के राह में संकट भी आते ही हैं।

शुद्ध » उन्नति के राह में बाधाएँ भी आती ही हैं।

अशुद्ध » सूखे से भूख की समस्या खड़ी हो गई।

शुद्ध » सूखे से भुखमरी की समस्या खड़ी हो गई।

अशुद्ध » माता जी ने मुझसे कहा।

शुद्ध » माता जी ने मुझे कहा।

हिन्दी वाक्य शुद्धि

अशुद्ध » बच्चे उन्हीं से बातें करने लगे।

शुद्ध » बच्चे उनसे बातें करने लगे।

अशुद्ध » वे एक अच्छे अध्यापक हैं।

शुद्ध » वे अच्छे अध्यापक हैं।

अशुद्ध » श्याम के पास सबसे सुन्दरतम गाड़ी है।

शुद्ध » श्याम के पास सुन्दरतम गाड़ी है। (या) श्याम के पास सबसे सुन्दर गाड़ी है।

* सुन्दरतम → अर्थ ↓ सबसे सुन्दर

हिन्दी वाक्य शुद्धि

अशुद्ध » वे बड़े चतुर व्यक्ति हैं।

शुद्ध » वे बहुत चतुर व्यक्ति हैं।

चतुर — गुण — ज्यादा / कम

अशुद्ध » उसे घमंडी कहकर पुकारना ज्यादती है।

शुद्ध » उसे घमंडी कहना ज्यादती है।
या
उसे घमंडी पुकारना ज्यादती है।

अशुद्ध » संदीप ने रोहित की सहायता की।

शुद्ध » संदीप ने रोहित को सहायता दी।

हिन्दी वाक्य शुद्धि

अशुद्ध » भगत सिंह को बड़ी यातनाएँ दी गईं।

शुद्ध » भगत सिंह को बहुत यातनाएँ दी गईं। या
भगत सिंह को कठोर यातनाएँ दी गईं।

अशुद्ध » इतनी आलस्यता ठीक नहीं है।

शुद्ध » इतना आलस्य ठीक नहीं है।

अशुद्ध » तुम्हारी सौभाग्यवती पुत्री के विवाह में अवश्य आऊँगा।

शुद्ध » तुम्हारी सौभाग्याकांक्षिणी पुत्री के विवाह में अवश्य आऊँगा।

हिन्दी वाक्य शुद्धि

अशुद्ध » उसकी सौन्दर्यता देखकर मन मुग्ध हो गया।

शुद्ध » उसका सौन्दर्य देखकर मन मुग्ध हो गया।

अशुद्ध » पूज्यनीय माता जी आई हैं।

शुद्ध » पूजनीय माता जी आई हैं। (या) पूज्या माता जी आई हैं।

पूजनीय ✓
पूज्य ✓
पूज्या ✓
पूज्यनीय ✗

अशुद्ध » महादेवी वर्मा जी मूर्तिमान सरस्वती थीं।

शुद्ध » महादेवी वर्मा जी मूर्तिमती सरस्वती थीं।


सम्पूर्ण हिन्दी व्याकरण तथा साहित्य
STUDY91
अपनी हिन्दी
UPSC, UPPSC, MPPSC, RPSC, BPSC, RO/ARO, CSAT, UPSSSC, PET, UPSI, UP Police, DSSSB, SSC, UP TGT/PGT, CTET, UPTET, SUPER TET, REET
5000+ अभ्यास प्रश्न
वस्तुनिष्ठ प्रश्न-प्रारूप
5 MILLION+ SUBSCRIBERS
Nitin Sir
अपनी हिन्दी 1
RO/ARO
प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा
3000 सवाल
500-500 सवालों के साथ प्रैक्टिस
विलोम शब्द
पर्यायवाची शब्द
विशेषण-विशेष्य
तत्सम-तद्भव शब्द
वर्तनी एवं वाक्य शुद्धि
अनेक शब्दों के लिए एक शब्द
वर्ष 2001 से अद्यतन
Nitin Sir
उत्तर प्रदेश
शिक्षक पात्रता परीक्षा
UPTET
प्राथमिक स्तर (कक्षा I-V)
नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित
हल प्रश्न-पत्र
विषय
वर्ष 2011 से अद्यतन तक
बाल विकास एवं शिक्षा शास्त्र
भाषा- I हिन्दी
भाषा- II अंग्रेजी/संस्कृत
सामान्य गणित
पर्यावरणीय अध्ययन
Answer Key
UPSSSC
PET
प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा
नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित
सम्पूर्ण अध्ययन सामग्री
Study91 YouTube Channel
Nitin Sir
UPSSSC
PET
प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा
नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित
प्रैक्टिस सेट
Study91 YouTube Channel
Nitin Sir
Study91 YouTube Channel
VDO
ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक
हल प्रश्न-पत्र
परीक्षा विशेष
Nitin Sir
Study91 YouTube Channel
VDO
ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक
NOT FOR SALE
फ्री
मॉडल टेस्ट पेपर
Nitin Sir
Call us now!
7007734525
Fast & Free
DELIVERY

हिन्दी वाक्य शुद्धि

अशुद्ध » अपने बच्चों पर नियंत्रण कीजिए।

शुद्ध » अपने बच्चों पर नियंत्रण रखिए।

* सहायक क्रिया — किया ×
— दिया ✓

अशुद्ध » कृपया एक गिलास पानी पिलाइए।

शुद्ध » कृपया एक गिलास पानी दीजिए।

अशुद्ध » कुसुम ने अपनी सहेली के लिए उपहार दिया।

शुद्ध » कुसुम ने अपनी सहेली को उपहार दिया।

हिन्दी वाक्य शुद्धि

अशुद्ध » मुझे उससे एक बात कहना है।
शुद्ध » मुझे उससे एक बात कहनी है।

अशुद्ध » दही खट्टी है।
शुद्ध » दही खट्टा है।

सदैव बहुवचन

अशुद्ध » मेरा प्राण संकट में है।
शुद्ध » मेरे प्राण संकट में हैं।

हिन्दी वाक्य शुद्धि

स्वयं बहुवचन

❌ अशुद्ध » श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।

✅ शुद्ध » श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।

सदैव बहुवचन

❌ अशुद्ध » मेरी घड़ी में अभी चार बजा है।

✅ शुद्ध » मेरी घड़ी में अभी चार बजे हैं।

❌ अशुद्ध » मैंने गुरु का दर्शन किया।

✅ शुद्ध » मैंने गुरु के दर्शन किए।

**हिन्दी** **वाक्य शुद्धि**

अशुद्ध » महाभारत अठारह दिन तक चला।

शुद्ध » महाभारत अठारहों दिन तक चला।

स्वयं बहुवचन

अशुद्ध » अपने सामानों को स्वयं संभालकर रखें।

शुद्ध » अपने सामान को स्वयं संभालकर रखें।

सदैव

अशुद्ध » उसके आँख से आँसू निकल पड़ा।

शुद्ध » उसके आँखों से आँसू निकल पड़े।

हिन्दी वाक्य शुद्धि

अशुद्ध » यहाँ ताजा गन्ने का रस मिलता है।

शुद्ध » यहां गन्ने का ताजा रस मिलता है।

अशुद्ध » बन्दूक एक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है। बस ×

शुद्ध » बन्दूक एक बहुत ही उपयोगी अस्त्र है।

अशुद्ध » उपरोक्त कथन सही नहीं है।

शुद्ध » उपर्युक्त कथन सही नहीं है।

हिन्दी | वाक्य शुद्धि

❌ अशुद्ध » जयशंकर प्रसाद हिन्दी के लब्ध प्रतिष्ठित विद्वान हैं।

✅ शुद्ध » जयशंकर प्रसाद हिन्दी के लब्ध प्रतिष्ठ विद्वान हैं।

❌ अशुद्ध » उसकी सौन्दर्यता अनुपम है।

✅ शुद्ध » उसका सौन्दर्य अनुपम है।

सदैव बहुवचन

❌ अशुद्ध » मैंने अपना हस्ताक्षर कर दिया।

✅ शुद्ध » मैंने अपने हस्ताक्षर कर दिए।

हिन्दी वाक्य शुद्धि

अशुद्ध » वन्दना एक कृशांगिनी युवती है।

शुद्ध » वन्दना एक कृशांगी युवती है।

अशुद्ध » भारत में अनेक दर्शनीय स्थल देखने योग्य हैं।

शुद्ध » भारत में अनेक दर्शनीय स्थल हैं। या
भारत में अनेक देखने योग्य स्थल हैं।

अशुद्ध » शरणागत में आए व्यक्ति की रक्षा करनी चाहिए।

शुद्ध » शरण में आए व्यक्ति की रक्षा करनी चाहिए। या
शरणागत व्यक्ति की रक्षा करनी चाहिए।


Foundation Batch
Call Us Now
7007734525, 9455069191
बस नाम ही काफी है
STUDY 91
India's Largest E-Learning Platform
History
Geography
Polity
Science
Economics
Hindi
Environment
UP Special

# Thank You